भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 671

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

उत्तर प्रदेश का खनिज मानचित्र

671. श्री रामभुआल निषादः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने उत्तर प्रदेश राज्य के संबंध में खनिज मानचित्र बनाने का कार्य पूरा कर लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें पहचान किए गए प्रमुख खनिज संसाधनों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त राज्य में सतत और वैज्ञानिक खनन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) एवं (ख): भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने उत्तर प्रदेश का खनिज मानचित्र 1:2 मिलियन मापनी पर विविध प्रकाशन संख्या 30, भाग XIII: उत्तर प्रदेश का भूविज्ञान एवं खनिज संसाधन, के रूप में प्रकाशित किया है।

जीएसआई ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर तथा चंदौली जिलों में लौह अयस्क, एंडालुसाइट, आरईई, ग्लॉकोनाइट तथा बॉक्साइट सहित विभिन्न खनिजों के संसाधनों को सुव्यवस्थित खनिज गवेषण के माध्यम से सिद्ध किया है। इसका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग): सरकार देश में, उत्तर प्रदेश सहित नीतिगत ढाँचे, विनियामक प्रावधानों, योजना संबंधी आवश्यकताओं, निगरानी तंत्रों तथा निष्पादन मूल्यांकन प्रणालियों के संयोजन के माध्यम से वैज्ञानिक एवं टिकाऊ खनन सुनिश्चित करती है। खनिज संरक्षण और विकास नियम, 2017 (एमसीडीआर, 2017) के अंतर्गत व्यवस्थित खान नियोजन, पर्यावरणीय संरक्षण उपायों, सतत् खनन तथा अनुपालन प्रतिवेदन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है, जिसके अनुसार प्रत्येक खान पट्टाधारक को भारतीय खान ब्यूरो द्वारा अनुमोदित खनन योजना तैयार करनी होती है। इस योजना में निष्कर्षण विधियों, संरक्षण उपायों तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी रणनीतियों का विस्तृत विवरण दिया जाता है। एमसीडीआर, 2017 के अंतर्गत खानों की स्टार रेटिंग की व्यवस्था की जाती है, जिसके माध्यम से उनकी सततता, सुरक्षा तथा अनुपालन का मूल्यांकन किया जाता है तथा सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

*****

अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश में जीएसआई द्वारा संवर्धित खनिज संसाधनों का विवरण

क्र. सं.	जिला	ब्लॉक/ क्षेत्र	खनिज सामग्री (अयस्क)	यूएनएफसी चरण	संसाधन (मिलियन टन में)
1.	सोनभद्र	सलाइडीह-हरवरिया	एंडालुसाइट	जी2	45.87
2.		बरवाडी- कुरछा	ग्लॉकोनाइट	जी2	7.80
3.		कुरछा	ग्लॉकोनाइट	जी2	1.85
4.		पुलवार ब्लॉक-ए	एंडालुसाइट	जी2	12.17
5.		पुलवार ब्लॉक-बी	एंडालुसाइट	जी3	22.18
6.		पुलवार ब्लॉक-सी	एंडालुसाइट	जी3	15.79
7.		पुलवार ब्लॉक-डी	एंडालुसाइट	जी3	18.24
8.		भरहरी ब्लॉक ए	लौह अयस्क	जी3	14.89
9.		भरहरी ब्लॉक बी	लौह अयस्क	जी3	10.77
10.		भरहरी - ब्लॉक डी, खोरिया के उत्तर में	लौह अयस्क	जी3	13.53
11.		नवाटोला-लाबंद	दुर्लभ मृदा तत्व +Y	जी3	0.34
12.	चंदौली	नौगढ़-पंडरी	बॉक्साइट, टाइटेनियम, वैनेडियम, गैलियम	जी4	बॉक्साइट:12.23 टाइटेनियम अयस्क: 12.69 वैनेडियम अयस्क: 2.72 गैलियम अयस्क: 2.54